तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 19 मई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4

प्रतिमाह 25 हजार का वादा और अब काम कराने के बाद बदला इरादा




## खबर संक्षेप

### गोवा से जिले के चार सटोरी गिरफ्तार

**कोरबा।** जिले में सट्टे का कारोबार करने वाले सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही तेज कर दी है। पुलिस ने शहर के चार सटोरियों को गोवा से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सटोरियों से और भी खुलासा होने की उम्मीद है। आखिरकार पुलिस ने सटोरियों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरु कर दिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि जिले के चार सटोरी गोवा से सट्टा चला रहे सूचना मिलने पर पुलिस की टीम गोआ रवाना और शहर के सट्टा कारोबारियों के निशानदेही पर गोवा से चार सटोरियों को गिरफ्तार किया है। सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को कोरबा पुलिस बड़ा खुलासा कर सकती है। बहरहाल सट्टा कारोबारियों की गिरफ्तारी करके पुलिस अपनी साख बचाने में सफल रही है।

### रेत तस्करों को चोरी की खुली छूट, कलेक्टर से शिकायत

**कोरबा।** जिले में रेत चोरी थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि रेत तस्करी से जुड़े लोग खुलेआम दिनदहाड़े चोरी कर रहे हैं। वहीं स्वीकृत रेट घाट में संचालन की जिम्मेदारी निभा रहे नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी रॉयल्टी की रकम पूरी लेने के बाद भी सुविधा नहीं दे पा रहे हैं, जिसके कारण रेत की कीमतों का भार आमलोगों से वसूला जा रहा है। इस मामले की लिखित शिकायत रणवीर आदिले (जिला उपाध्यक्ष) छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना द्वारा कलेक्टर से की गई है। देखना होगा कि इस मामले में कलेक्टर द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है।

### दस मिनट देर से पहुंचे तो कैंसल हो सकती है आरक्षित सीट

**कोरबा।** रेलवे के नए नियमों के मुताबिक ट्रेन में अपनी सीट पर 10 मिनट देरी से पहुंचते हैं, तो आरक्षित सीट रद्द हो सकती है। नये नियम के मुताबिक टीटीई आरक्षित सीट पर कब्जा दिलाने अधिकतम 10 मिनट तक यात्री का इंतजार करेगा। उसके बाद किसी अन्य आरक्षित सीट आबंटित कर दी जाएगी। कई बार लोग एक-दो स्टेशन के बाद भी अपनी सीट तक पहुंच जाते थे, ऐसे में टीटीई को पता नहीं चल पाता था कि कौन सी सीट खाली है। इसलिए अब टीटीई यात्री को केवल 10 मिनट का समय देगा। आपको बता दें कि अभी चेकिंग स्टाफ हैंड हेल्ड टर्मिनल के जरिए टिकटों की जांच करता है। जिससे यात्री के आने या न आने की जानकारी देनी होगी। पहले यह औपचारिकता कागजों पर की जाती थी। लेकिन, अब ऑनलाइन होने से यात्री के मौजूद न रहने पर सीट अनारक्षित रहेगी। अब रेलवे के नए नियमों के बाद यात्री को उसी स्टेशन से ट्रेन पकड़नी होगी जहां से उसने यात्रा प्रारंभ करने आवेदन करते समय फॉर्म में भरा था। आपको अपनी उपस्थिति भी दर्ज करानी होगी.वहीं, अगर कोई व्यक्ति बोर्डिंग स्टेशन से 10 मिनट बाद भी सीट पर नहीं मिलता है तो टीटीई उसे अनुपस्थित मान लेगा। ऐसे में आपको समय पर अपनी सीट पर पहुंचने पर ध्यान देना होगा।

### महाविद्यालयों में दाखिले के लिए एक सीट के पीछे दो विद्यार्थी

**कोरबा।** नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी से संबद्ध 28 कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया 16 जून से शुरू होगी। जिले में इस बार एक सीट पर प्रवेश का दावा करने वाले छात्रों की संख्या इस बार 2 से अधिक नहीं होगी। बेहतर अंक से पास होने वाले छात्रों को मनपसंद कॉलेज मिल जाएंगे पर कम अंक वालों को कॉलेजों का विकल्प तैयार रखना होगा। कोरबा में 15 गवर्नमेंट कॉलेज संचालित हैं। इन सभी कॉलेजों में स्नातक कोर्स (कला, वाणिज्य व साइंस) हैं। कुछ कॉलेजों में बीबीए, बीसीए व डीसीए कोर्स भी हैं। इसी तरह 13 प्राइवेट कॉलेजों में 1 नर्सिंग कॉलेज, 2 बीएड कॉलेज व एक लॉ कॉलेज हैं। इस तरह प्राइवेट के 9 कॉलेजों में स्नातक के सामान्य कोर्स संचालित हैं।

# बंद सरकारी योजनाओं की राशि अब नहीं की जा सकेगी आहरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पूर्व सरकार के समय शुरू की गई शासकीय योजनाओं के लिए जारी की गई राशि के आहरण पर रोक लगा दी गई है। रीपा और गोधन न्यास योजना के लिए पूर्व में राशि जारी हो गई थी, जिनका आहरण नहीं किया जा सका था। अब आचार संहिता समाप्त होने के बाद ऐसी किसी भी योजनाओं के लिए जारी की गई राशि के आहरण पर रोक लगा दी गई है।

ऐसी शासकीय योजनाएं जो पूर्व सरकार के समय शुरू की गई थी और उनका पैसा भी जिला प्रशासन को जारी कर दिया गया था और नई सरकार बनने के बाद जब योजनाएं बंद हो गई तो उनके लिए जारी की गई राशि के उपयोग पर सवाल खड़ा हो गया था। सरकार बनने के चार माह तक योजनाओं की राशि के उपयोग किए जाने के विषय पर शासन की ओर से कोई गाईड लाईन नहीं आने के कारण उन योजनाओं के मद में राशि पड़ी हुई थी। अब राज्य शासन ने एक आदेश जारी कर उन योजाओं के लिए जारी की गई राशि के आहरण पर रोक लगाई है, जिसे नई सरकार बनने के बाद बंद कर दिया गया था। इन योजनाओं में प्रमुख तौर पर रीपा और गोधन न्यास योजना शामिल है। दोनों ही योजनाओं में राज्य शासन की ओर से एक बड़ी राशि जारी की गई थी। शुरूआत में इनका उपयोग विधानसभा चुनाव के पूर्व किया गया और जब से राज्य सरकार बदली इन योजाओं के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लग गया। सरकार बनने के बाद इन दोनों योजनाओं को बंद किए जाने के बाद से इनके लिए पूर्व जारी की गई राशि के उपयोग पर अब रोक लगा दी गई है, इन राशि का आहरण अब नहीं किया जा सकेगा।

## शासन के आदेश से लगी रोक

**खास बातें**

- गोधन न्यास और रीपा के लिए जारी हुई थी राशि
- पूर्व में जारी की गई राशि के उपयोग पर खड़े हो रहे सवाल



### रोजगार का केन्द्र बनाने की थी योजना

रीपा को स्वरोजगार के साथ ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार दिलाने की योजना थी। जिले में रीपा के चार प्रोजेक्ट शुरू किए गए और चारो ही बंद हो गए हैं। इसी तरह गोधन न्यास योजना के तहत सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत के द्वारा महिला समूहों के माध्यम से गोबर खरीदी का कार्य किया जाता है। 2 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से की जाती थी, जिसका भुगतान शासन के मद से होता था, अब सब बंद हो चुका है और इन योजनाओं के पुनः शुरू होने पर प्रश्चचिन्ह खड़ा हो गया है। सरकार की गाइड लाईन जारी होने के बाद इनके लिए जारी किए गए फंड के उपयोग पर रोक लगने के बाद जब तक नई गाइड लाइन जारी नहीं होगी तब तक बंद योजनाओं के पैसे का उपयोग नहीं किया जा सकेगा।

## सहकारिता विभाग की रिपोर्ट पर राज्य निर्वाचन आयोग कराता है चुनाव

# वर्षों से लंबित है प्राथमिक सहकारी समिति के संचालक मंडल का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सहकारिता विभाग द्वारा गठित सहकारी समितियों को चुनाव पिछले लंबे समय से लंबित पड़े होने के बावजूद उनके चुनाव कराने को लेकर विभाग के द्वारा रूचि नहीं ली जा रही है। परिणाम स्वरूप विभाग के द्वारा इन सहकारी समितियों में प्रभारी अधिकारी बैठा दिए गए हैं। परिणाम स्वरूप विभाग के प्रभारी अधिकारी ही समिति के सर्वोसर्वा बने हुए हैं।

**खास बात**

- शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में व्यवसाय में लगे हैं सहकारी उपभोक्ता भंडार

उप पंजीयक सहकारिता विभाग के द्वारा सहकारी समितियों का गठन किया गया है। शासकीय रिकार्ड के अनुसार जिले में 506 समितियां है। इन सभी का उद्देश्य व्यवसाय करना प्रमुख था, किंतु बदलते दौर के साथ कई सहकारी समितियों ने अपने व्यवसाय ही बंद कर दिए। वहीं सहकारिता विभाग के निरीक्षकों के द्वारा इन समितियों का ऑडिट भी बंद कर दिया गया। जिले में गठित बड़ी सहकारी समितियों में भूविस्थापित कामगार सहकारी समिति, बुनकर सहकारी समिति, मछुआ सहकारी समिति, रघु वनोपज सहकारी समित जैसी कुल 506 समितियां हैं। इनमें से अधिकांश निष्क्रिय हो गई हैं। वर्षों से इनका ऑडिट भी नहीं हुआ है। इन समितियों के द्वारा क्या कार्य किए जाते हैं वर्तमान में इनकी क्या स्थिति है विभाग यह जानने के लिए कोशिश नहीं करता, अपितु जो सहाकरी समितियां सक्रिय हैं उनके संचालक मंडल का चुनाव कराने की बजाए प्रभारी अधिकारी बैठा दिए गए हैं। जिनका संचालन मनमाने ढंग से किया जा रहा है।



फाइल फोटो

### उपभोक्ता भंडार में गड़बड़झाला

प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार भी सहकारिता विभाग के अधीन आता है। इनके द्वारा शासन की पीडीएस दुकानों का संचालन भी किया जाता है, जिसमें एक बड़ी आय संचालक मंडल को होती है। वित्तीय गड़बड़ियों के मामले में सबसे ज्यादा शिकायतें प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार की आती है। शहरी क्षेत्र में गठित प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार के संचालक मंडल में ऐसे लोग भी सदस्य हैं, जो शहर के निवासी भी नहीं है। फिर भी सदस्यों के सत्यापन को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया।

### ऑडिट भी नहीं होता

सहकारी समितियों के संचालक मंडल के चुनाव की जिम्मेदारी राज्य सहकारिता निर्वाचन आयोग की है, किंतु इन सहकारी समितियों के ऑडिट की जिम्मेदारी सहकारिता विभाग की है। कई ऐसी सहकारी समितियां है जिनका नियमित ऑडिट नहीं होने से राज्य शासन को ऑडिट शुल्क से होने वाली आय की क्षति उठानी पड़ रही है। पूर्व के अधिकारियों ने ऑडिट शुल्क वसूलने रूचि नहीं ली। परिणामस्वरूप ऑडिट रूप में होने वाली राजस्व आय का नुकसान सरकार को उठाना पड़ रहा है।

# शादी से पहले ही दूल्हा पहुंचा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपनी प्रेमिका को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले प्रेमी को किसी दूसरी लड़की से विवाह रचाना महंगा पड़ गया। जैसे ही प्रेमिका को इस बात की भनक लगी कि उसका प्रेमी धोखा देकर किसी अन्य युवती से विवाह कर रहा है उसने पुलिस से शिकायत कर दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया।

**खास बात**

- शादी का झांसा देकर युवती के साथ संबंध बनाने के बाद किसी दूसरी युवती से करने जा रहा था विवाह
- सक्ती निवासी है युवक, रामपुर सिविल लाइन थाना का मामला

सक्ति निवासी नंदलाल निषाद का विवाह रायगढ निवासी एक युवती से होने जा रहा था। इसी बीच नंदलाल की प्रेमिका को इसकी जानकारी हुई कि उसका प्रेमी किसी अन्य युवती से विवाह रचाने जा रहा है। इसके बाद वह युवती सिविल लाईन थाना रामपुर पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की। इसके बाद शादी का झांसा देकर युवती के साथ दैहिक शोषण करने के बाद किसी दूसरी युवती के साथ विवाह रचाने जा रहे युवक को सीविल लाईन पुलिस ने सक्ती के डभरा से गिरफ्तार किया।



आरोपी युवक।

आरोपी नंदलाल निषाद जिसकी बारात शनिवार को रायगढ़ के लिए निकलने ही वाली थी, इस बीच पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस सक्ती पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 376 का अपराध कायम किया गया है।

# पीडीएस दुकानों से नहीं मिल रहा चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत मिलने वाला चना फिलहाल हितग्राहियों तक नहीं पहुंच पा रहा है। पिछले दो माह से बीपीएल कार्डधारियों को चना का वितरण नहीं हुआ है, जिसके कारण उपभोक्ताओं और संचालकों में कहासुनी हो रही है।

**खास बातें**

- पिछले दो माह से कार्डधारियों को नहीं हुआ है चना का वितरण

सार्वजनिक वितर प्रणाली के अंतर्गत कार्डधारियों को चावल, शक्कर के साथ दो किलो चना हर माह दिया जाता है। अप्रैल में दो माह का चावल वितरित किया गया है। शक्कर भी वितरित किया गया है, लेकिन गरीबों को चना का वितरण नहीं हुआ है। बताया जाता है कि शासन स्तर पर चना का टेंडर नहीं हुआ है। जिसकी वजह से जिले में चना की आपूर्ति नहीं हुई है। टेंडर की प्रक्रिया लोकसभा चुनाव के लिए लागू आचार संहिता के कारण अटकी हुई है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर चना की आपूर्ति होगी। यही वजह है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले के हजारों कार्डधारियों को चना का वितरण नहीं हुआ है। जिन राशन दुकानों में चना का स्टाक शेष था उन दुकानों में चना का वितरण कर दिया गया है।

कुछ हितग्राहियों को चना मिल गया है जो अपने आसपड़ोस में बता रहे हैं तो विवाद की स्थिति बन रही है। चना नहीं मिलने को लेकर कार्डधारी इसमें संचालक की गलती बताते हुए कहासुनी भी कर रहे हैं। चना देने में भेदभाव करने का आरोप लगा रहे हैं। आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आ रही है, जबकि दुकानों में चना पहुंचा ही नहीं है।

### मई में दुकानों से पूरी तरह दूर रहेगा चना

जिले में चना का स्टाक खत्म हो चुका है। रायपुर से नान गोदाम में चना पहुंचा ही नहीं है। चार जून को मतगणना होनी है तब तक आचार संहिता लागू रहेगी। ऐसे में मई में चना का टेंडर नहीं होगा। मई में दुकानों से पूरी तरह चना दूर ही रहेगा। ऐसे में कार्डधारियों में इस बात को लेकर असमंजस है कि क्या उन्हें जून में अप्रैल और मई का बकाया चना दिया जाएगा।

### निर्देश के बाद होगा वितरण

नागरिक आपूर्ति गोदाम में चना नहीं है। शासन स्तर पर टेंडर नहीं होने के कारण चना का स्टाक नहीं है। टेंडर होने के बाद मुख्यालय से जो निर्देश प्राप्त होंगे उसके तहत चना की आपूर्ति की जाएगी।

-उमेश पांडेय, डीएम नॉन

# दरवाजा तोड़कर सोना चांदी सहित लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कान्हा स्टोर में शटर का सेंटर लॉक तोड़ने में असफल होने के बाद चोर पीछे के दरवाजा तोड़ कर दुकान व मकान दाखिल हुए और सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल मार कर दिया। चोरी की घटना के दौरान चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की तलाश शुरु कर दी है।

**खास बातें**

- दुकान का सेंटर लॉक तोड़ने में हुए असफल तो पीछे के दरवाजे से दाखिल हुए चोर
- कटघोरा कसनिया मार्ग स्थित कान्हा स्टोर का मामला

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कटघोरा-कासनिया मुख्य मार्ग के किनारे आशु मित्तल द्वारा कान्हा स्टोर का संचालन किया जाता है। जहां नीचे में दुकान और उसके ऊपर एक मंजिला मकान बना हुआ है। बताया जा रहा है कि चोरों ने पहले कान्हा स्टोर के शटर के सेंटर लॉक को तोड़ने का प्रयास किया था, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी चोर सेंटर लॉक को तोड़ने में असफल रहे। जिसके बाद चोर पीछे का दरवाजा तोड़कर भीतर घुसे और वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर व दुकान से चांदी के सिक्के सोने के जेवरात समेत लाखों का सामान ले भागे हैं। दुकान संचालक आशु मित्तल ने तत्काल कटघोरा थाना पुलिस को चोरी की सूचना दी। सूचना मिलने पर कटघोरा एसडीओपी पंकज सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी धर्म तिवारी पुलिस मौके पर पहुंच कर दुकान संचालक से पूछताछकर डॉग स्पॉट साइबर सेल की मदद ली गई। कान्हा स्टोर के संचालक आशु मित्तल ने बताया कि शुक्रवार के रात दुकानदारी करने के बाद अंदर से दुकान बंद कर सब अपने कमरे में खाना खाकर सोने चले गए। सुबह उठने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई, जहां दुकान के अंदर का सामान बिखरा हुआ था। वहीं गला भी टूटा हुआ पाया गया। इसके अलावा चोरों ने और कमरों में भी चोरी करने का प्रयास किया लेकिन वह असफल रहे। सूत्रों की मानें तो वारदात के दौरान चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की तलाश शुरु कर दी है।



घटनास्थल की जांच करती पुलिस।



बाघा डाग की मदद लेते पुलिस कर्मी।

## विद्युत कंपनी के गारेपलमा कोल ब्लॉक से नहीं हो रही पर्याप्त कोयले की आपूर्ति

# मड़वा संयंत्र में 40 फीसदी अधिक दर पर खरीदना पड़ रहा कोयला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत कंपनी के गारेपलमा स्थित कोयला खदान से पर्याप्त कोयले की आपूर्ति नहीं हो पाने की वजह से मड़वा संयंत्र प्रबंधन को लिकेंज के निर्धारित दर से 40 प्रतिशत अधिक दर पर एसईसीएल से कोयला खरीदना पड़ रहा है। जिसकी वजह से विद्युत कंपनी को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 1000 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले मड़वा ताप विद्युत संयंत्र में विद्युत कंपनी के रायगढ़ जिले में स्थित गारेपलमा कोयला खदान से कोयले की आपूर्ति की जाती है। पिछले कुछ दिनों से विद्युत कंपनी के गारेपलमा कोल ब्लॉक से कोयले के उत्पादन में गिरावट देखने को मिल रही है जिसकी वजह से मड़वा संयंत्र में पर्याप्त कोयले की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। यहां बताना होगा कि विद्युत कंपनी के गारेपाल्मा कोल ब्लॉक में कोयला उत्खनन व मड़वा संयंत्र तक कोल परिवहन की जिम्मेदारी आडानी कंपनी को दी गई है।

**खास बात**

- दो हजार मीट्रिक टन के दर से 40 फीसदी अधिक देनी पड़ रही राशि



मड़वा संयंत्र में पर्याप्त कोयले की आपूर्ति नहीं होने से संयंत्र प्रबंधन द्वारा एसईसीएल प्रबंधन से कोयला आपूर्ति की मांग की गई। जिसपर एसईसीएल प्रबंधन ने बिना अनुबंध के लिकेंज के दर पर कोयला आपूर्ति नहीं करने की बात कही थी। विद्युत कंपनी के अन्य संयंत्रों में अनुबंध के मुताबिक एसईसीएल द्वारा निर्धारित लिकेंज के दर पर कोयले की आपूर्ति की जाती है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा निर्धारित दर पर कोयला आपूर्ति नहीं किए जाने पर आखिरकार विद्युत कंपनी प्रबंधन ने एसईसीएल को अधिक दर पर कोयला खरीदने की पेशकश की। जिसके बाद अब एसईसीएल से निर्धारित दर से 40 प्रतिशत अधिक दर पर कोयला खरीदा जा रहा है।

सूत्रों की मानें तो एचटीपीपी संयंत्र में एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन द्वारा 2 हजार पर मिट्रिक टन के हिसाब से कोयले की आपूर्ति की जाती है। वहीं मड़वा संयंत्र के लिए निर्धारित दर से 40 प्रतिशत अधिक दर पर कोयला खरीदना पड़ रहा है। अधिक दर पर कोयला खरीदी करने से उत्पादन कंपनी को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

### दहेज, ससुराल वालों पर अपराध दर्ज

**कोरबा।** विवाह के बाद पांच लाख नगद व कार नहीं देने पर पति, सास समेत तीन लोगों के विरूद्ध प्रताड़ित किए जाने का आरोप विवाहिता ने लगाया है। मामले को पुलिस ने विवेचना में लिया है। पोड़ी बहार निवासी विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह चार दिसंबर 2022 को सामाजिक रीति रिवाज से बुधवारी क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिनों के बाद दहेज के नाम पर सास, पति व देवर द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। उसने आरोप लगाया कि सास उसे लगातार परेशान करती थी और जब इसकी जानकारी पति को दी, तब पति भी अपनी मां का पक्ष लेते हुए उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट करता। साथ ही शादी के दौरान दहेज में पांच लाख रुपए या फिर कार नहीं देने की बात कहते हुए प्रताडित करते।

## खबर संक्षेप

### बच्चे की मौत के मामले में मर्ग जांच के बाद एफआईआर

**अंबिकापुर।** शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम करासी निवासी 8 वर्षीय श्रवण कुमार आ. हरिलाल 29 अक्टूबर 2023 को सुबह 9 बजे घर के समीप सड़क किनारे खेल रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन चालक ने बच्चे को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल बच्चे को उपचार के लिए प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया था। रायपुर के डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान 3 नवंबर को बच्चे की मौत हो गई थी। बच्चे की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया था और मर्ग जांच के बाद अब पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

### सर्पदंश से मासूम की मौत, मृत करैत को लेकर परिजन पहुंचे अस्पताल

**लखनपुर।** ग्राम शोयदा में घर की परछी में सो रही 6 वर्षीया मासूम की सांप काटने से मौत हो गई। परिजन पीड़िता एवं मृत सांप को लेकर अस्पताल पहुंचा जहां सांप को देखकर लोग हैरान रह गए। बच्ची की मौत से परिवार में शोक का माहौल है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम शोयदा निवासी रामसिंह रजक बीती रात अपने परिवार के साथ घर की परछी में चटाई बिछाकर सोया था। रत्रि 12 बजे 6 वर्षीय आनंदी रजक चिल्लाने लगी। बच्ची की आवाज सुनकर पिता ने उठकर देखा कि करैत सांप बच्ची के गले में लिपटा है। उसने किसी तरह सांप को गले से निकाला और बच्ची को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंचकर पीएम करा शव परिजन के सुपूर्द किया तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। परिजन शनिवार की सुबह मृत करैत सांप को लेकर अस्पताल पहंचे। सांप को देख लोगों की भीड़ लग गई और सांप को देखकर लोग हैरान रह गए।

### बहु को मोबाइल से बात करता देख सनकी ससुर ने उतारा मौत के घाट

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिले के डिंडो चौकी क्षेत्र में नव नविवाहिता की कुंए में लाश मिलने के मामले में पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा किया है। मोबाइल फोन पर बहु को बात करता देख सनकी ससुर ने गड़ासा से हत्या कर दी और फिर हत्याकांड को छिपाने के लिए लाश को पत्नी व बेटों के साथ मिलकर कुंए में फेंक दिया। पुलिस ने नव विवाहिता की हत्या के आरोपी में मृतिका के पति, सास, ससुर को गिरफ्तार करने साथ ही नाबालिग देवर को बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया है। बताया जा रहा है कि 15 मई की सुबह चेरा बरून पारा निवासी 22 वर्षीया नवविवाहिता पूजा यादव पति आशीष यादव की लाश घर के पीछे रामजीत यादव के कुंए में मिली थी। मृतिका के ससुर ने पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम के लिए भेजने के साथ ही घटना की जांच की जा रही थी।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं, अब वाहन होंगे जब्त

**अम्बिकापुर।** सरगुजा में अब शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं है। पुलिस द्वारा अब ब्रीद एनालाइजर से जांच करने के साथ ही शराबी चालकों पर कार्रवाई की जा रही है जबकि वाहनों के जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि चार पहिया व दो पहिया वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते है और दुर्घटना को अंजाम देते है। ऐसे में एसपी के निर्देश पर शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गांधीनगर पुलिस द्वारा मनेन्द्रगढ़ रोड में वाहनों की जांच के लिए चेकिंग प्वाइंट लगाया गया था। चेकिंग प्वाइंट में जांच के दौरान पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 3651 काफी तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था। ऐसे में पुलिस ने वाहन को रोककर चालक की जांच की गई तो वह शराब के नशे में वाहन चलाते मिला। पुलिस ने मामले में सूरजपुर जिले के जयनगर कुंजनगर निवासी 32 वर्षीय प्रकाश राजवाड़े को धारा 184, 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया है।

### सड़क बनने के बाद बायोडक्ट से शुरू होगा आवागमन

# लुचकी बायोडक्ट का निर्माण पूर्ण लेकिन दोनों ओर की अधूरी सड़क बनी बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



एनएच 43 स्थित लुचकी घाट के खतरनाक मोड़ों से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से बनाए जा रहे बायोडक्ट का निर्माण पूरा हो गया है लेकिन बायोडक्ट के दोनों ओर की सड़क अधूरी होने के कारण आसान सफर के लिए अभी एक महीने का इंतजार करना पड़ सकता है। यातायात के भारी दबाव के कारण अधूरी सड़क के निर्माण में कई बाधाएं है। विभाग ने खण्ड-खण्ड में अधूरी सड़क को पूरा करने की योजना बनाई है। घुमावदार सड़क एवं खतरनाक मोड़ों पर आए दिन हो रही भीषण दुर्घटनाओं से राहत के लिए अधिकारियों ने बायोडक्ट का निर्माण कर सड़क को सीधी करने की योजना बनाई थी लेकिन पहाड़ का पत्थर तोड़ने के लिए ब्लास्टिंग एवं डायवर्सन के लिए जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्माण में तेजी नहीं आ रही थी। प्रशासन द्वारा बाधाओं का निराकरण करने के बाद बायोडक्ट का निर्माण तो किसी तरह पूरा हो गया है लेकिन बायोडक्ट के दोनों तरफ की सड़क का निर्माण पूरा नहीं होने के कारण बायोडक्ट से आवागमन शुरू होने में अभी भी एक महीने का समय लगने की संभावना जताई जा रही है। निर्माण पूरा होने के बाद शीघ्र बायोडक्ट से आवागमन शुरू होने की संभावना जताई जा रही थी लेकिन दोनों ओर के यातायात को नियंत्रित करने की बड़ी चुनौती से बचने विभाग ने यातायात को प्रभावित किए बिना खण्ड-खण्ड में अधूरी सड़क का निर्माण पूरा करने का निर्णय लिया है। अधूरी सड़क का निर्माण पूरा होने के बाद ही बायोडक्ट से आवागमन प्रारम्भ किया जाएगा। वाहनों के आवागमन के बीच अधूरी सड़क का निर्माण पूरा करना भी काफी चुनौतीपूर्ण है।

**15 जून के पूर्व बनाई जाएगी सड़क**

आवागमन की समस्या को देखते ही खण्ड-खण्ड में आधी-अधूरी सड़क का निर्माण करने एवं दोनों ओर के यातायात को डायवर्ट कर शीघ्र निर्माण पूरा करने का निर्णय लिया गया है। 15 जून तक सड़क का निर्माण पूरा कर बायोडक्ट से आवागमन प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

-नितेश तिवारी, ईई, एनएच

## भीषण गर्मी में परेशान हैं लोग ट्रांसफार्मर में बढ़ रहा लोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

42 डिग्री सेल्सियस के इस तापमान ने लोगों को घर से बाहर निकलना ही मुश्किल कर दिया है। यूं तो गर्मी छुट्टी हो जाने से स्कूली बच्चों को राहत मिली है, लेकिन दैनिक जीवन में रोजमर्रा की जिंदगी गुजारने वाले लोगों को इसमें सर्वाधिक नुकसान हो रहा है। दिनभर किसी तरह मेहनत मजदूरी कर रोटी का जुगाड़ करने वाले लोगों के लिए यह गर्मी भीषण संकट लेकर आया है। ग्रामीण क्षेत्र सहित पूरे जिले की स्थिति एक जैसी है। इस गर्मी से सूखते जलस्त्रोतों से पशु पक्षियों के लिए भी पेयजल की आफत आ गई है, जिससे समस्त जीव जंतुओं का जीना दुर्लभ हो गया है। मौसम की करवट से लोग शाम लगभग 7 बजे के बाद ही राहत महसूस कर रहे हैं। एक ओर तेज गर्मी, उमस और गर्म हवा के थपेड़े हैं, तो दूसरी तरफ बिजली की धोखेबाजी लोगों की मुसीबत को बढ़ा दी है। बदहाल विद्युत व्यवस्था लोगों की परेशानी और अधिक बढ़ा रही है। लंबे समय तक बिजली गायब रहना और दिन या रात में भी बार-बार इसका आना-जाना लोगों के लिए बहुत अधिक तकलीफदेह हो गया है। लोगों का कहना है 24 घंटे में तीन घंटे तो बिजली गुल रहती ही है।

## गोपनीय चरित्रावली जमा होने के बाद भी अटका है शिक्षकों का प्रमोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सहायक शिक्षकों की पदोन्नति की प्रक्रिया लटकी हुई है। इसी साल मार्च में ही उनके पांच वर्ष की गोपनीय चरित्रवाली भी जिला शिक्षा विभाग को प्रस्तुत की जा चुकी है। निर्वाचन कार्य के लिए लागू आदर्श आचार संहिता और उसके पहले पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी पर कार्यवाही के चलते प्रक्रिया थम गई।

इस विषय पर मौजूदा जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखते हुए सहायक शिक्षकों ने पुनः पदोन्नति की प्रक्रिया आगे बढ़ाने की पेशकश की है। जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा को यह पत्र छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक-समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला कोरबा के प्रदेश संगठन मंत्री नोहर चंद्रा ने लिखा है। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से जिले के सहायक शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया आगे बढ़ाने की मांग की है। श्री चंद्रा ने लिखा है कि कोरबा जिला में सहायक शिक्षक से प्राथमिक शाला पद पर पदोन्नति के लिए विगत 5 मार्च तक पात्र सहायक शिक्षकों से पिछले पांच वर्ष तक की गोपनीय चरित्रावली मंगवाई गई है। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज के निलंबित हो जाने एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू होने से शिक्षकों के पदोन्नति की प्रक्रिया रुकी हुई है। उन्होंने निवेदन किया है कि, उपरोक्त पदोन्नति की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए पदोन्नति की काउंसिलिंग तिथि घोषित कर जिले की सहायक शिक्षकों को पदोन्नति प्रदान करने की पहल करें।

## पेंशन पेमेंट ऑर्डर जारी किए जाने की प्रक्रिया में किया गया संशोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेवानिवृत्त होने के पश्चात कोयला खान पेंशन योजना 1998 के तहत मासिक पेंशन का भुगतान कोयला खान भविष्य निधि संगठन के द्वारा किया जाता है। पेंशन भोगी की मृत्यु के उपरान्त विधवा, विधुर पेंशन भुगतान का प्रावधान है, जिसके लिए विधवा, विधुर को उस इकाई, खान में जाकर अपना पेंशन दावा एवं दस्तावेज जमा करना होता है। जहाँ से पेंशन भोगी सेवानिवृत हुआ था। विधवा, विधुर के उम्र- दराज होने के कारण इसमें काफी असुविधा होती है।

विधवा, विधुर पेंशन भुगतान प्रक्रिया के सरलीकरण तथा परेशानी मुक्त पेंशन प्राप्त करने के उद्देश्य से सीएमपीएफओ द्वारा संशोधित पेंशन पेमेंट ऑर्डर (पीपीओ) जारी किये जाने की प्रक्रिया अपनायी जा रही है। संशोधित पेंशन पेमेंट ऑर्डर प्राप्त करने के लिए पेंशन भोगी जिनके जीवनसाथी (पति/पत्नी) जीवित है उन्हें डब्ल्यूसीएल के उस क्षेत्र में सम्पर्क कर निर्धारित फॉर्म में अपनी एवं अपने जीवनसाथी (पति, पत्नी) की जानकारी देना होगा। फॉर्म को पूर्णतः भरकर स्वयं एवं जीवनसाथी के आधार कार्ड, पैनकार्ड, संयुक्त बैंक बचत खाता पासबुक (जीवनसाथी के साथ फार्मर एवं सर्वाइवर मोड़ में) जिसमे पेंशन प्राप्त हो रही है की स्वसत्यापित प्रतिलिपि, सेवानिवृत्त के समय जारी पेंशन पेमेंट आर्डर की प्रतिलिपि एवं पेंशनर तथा जीवनसाथी के 3 संयुक्त छायाचित्र के साथ उस क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक के पास जमा करना होगा जहाँ से पेंशन भोगी सेवानिवृत्त हुआ है। दूर- दराज क्षेत्रों में निवास करने वाले पेंशन भोगी रजिस्टर्ड डाक के द्वारा भी अपना आवेदन निर्धारित प्रोफार्मा में पूर्णतः भरकर उपरोक्त दस्तावेजों की स्वस्त्यापित प्रतिलिपि एवं फोटोग्राफ के साथ संबधित क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक को भेज सकते हैं।

### तीन वर्षों से फरार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** अपने ही नाना के घर में चोरी करने के मामले में तीन वर्षों से फरार चल रहे आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी जेल से छूटकर आने के बाद अपने ही रिश्तेदार के घर चोरी कर रहा था। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केदारपुर जनपद पारा निवासी गोरेलाल तिवारी का नाती प्रियांशु तिवारी कोरिया बैकुंठपुर जेल में बंद था और जेल से निकलने के बाद 26 फरवरी 2021 को वह अपने नाना के घर पहुंचा। शराब के नशे में धुत प्रियांशु तिवारी मोबाइल खरीदने के लिए पैसे मांग रहा था जब परिजन ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपी कमरे में रखी आलमारी को तोड़कर 3 हजार रुपए नगद व मोबाइल फोन चोरी कर रहा था इसी दौरान गोरेलाल तिवारी भी मौके पर पहुंच गए। जब उन्होंने नाती को डाटा तो वह विवाद करने लगा और बीच बचाव के दौरान मौका देखकर पैसे व मोबाइल फोन के साथ फरार हो गया था।

## जमशेदपुर में भाजपा की जीत के लिए विकास महतो ने थामी कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करते भाजपा नेता श्री महतो।

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत लोकसभा जमशेदपुर (झारखंड) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने संगठन की टीम पूरी ताकत से जुटी हुई है। जमशेदपुर से भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरन महतो के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाने विधानसभा के प्रवासी प्रभारी का दायित्व देकर संगठन ने विश्वास जताया है।

**खास बात**

- प्रवासी प्रभारी के रूप में कर रहे हैं धुआंधार प्रचार

उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री विकास महतो ने ओडिसा के जमशेदपुर में जनसंपर्क के दौरान कही। श्री महतो पर संगठन ने भरोसा जताते हुए बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्हें छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य ओडिशा में लोकसभा चुनाव में भाजपा के विजयरथ को गति देने जमशेदपुर भेजा गया है। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास महतो ने जमशेदपुर विधानसभा के प्रवासी प्रभारी की भूमिका में धुआंधार प्रचार अभियान चलाया। विधानसभा क्षेत्र में ताबड़तोड़ दौरा कर लोगों से सीधा संवाद किया और समर्थन की अपील की। उन्होंने जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। श्री महतो ने इस दौरान स्थानीय जन प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से विमर्श कर उनमें उत्साह भरा। पार्टी की परंपरा, रीति नीति और चुनावी रणनीति पर मंथन कर सहयोग एवं समर्थन प्रदान करने प्रोत्साहित किया। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास महतो ने अपने अनुभव साझा किया। श्री महतो ने कहा कि जिस तरह से चहुंओर जनता का समर्थन और भरपूर आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। उसी विश्वास के बूते हम कह सकते हैं कि भारत में एक बार फिर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने जा रही है।

**महिला मोर्चा टीम गठित**

प्रदेश की महिला मोर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का मिशन 400 पार सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी हर तरह से संकल्पित है, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के निर्देशानुसार एवं महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत के नेतृत्व में महिला मोर्चा की तीन टीम हरियाणा, बिहार, पटना के लिए रवाना हुई जिसमें जिले से प्रदेश कार्य समिति सदस्य मंजू सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वैशाली रत्नपारखी।




## निर्माणात्मक विचार समाधान निकालने में करते हैं मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुछ समय पहले तक ऐसा माना जाता था कि केवल साइंस व कॉमर्स वाले स्टूडेंट्स के पास ही अच्छे और ज्यादा करियर ऑप्शन्स होते हैं, लेकिन अब यह सोच बदल रही है। क्योंकि समय के साथ ऐसे की नये कोर्सेस की मांग बढ़ी है, जिनसे आर्ट्स स्टूडेंट्स अलग-अलग क्षेत्रों में सुनहरा भविष्य बना सकते हैं। इसमें छात्र इंग्लिश, हिंदी, हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स, सोशियोलॉजी, इंटरनेशनल रिलेशंस आदि विषयों के साथ ऑनर्स कर सकते हैं। इनमें बैचलर डिग्री करने के बाद आप मास्टर्स (पीजी) के साथ हायर स्टडीज कर सकते हैं। यूनिवर्सिटी प्रोफेसर बन सकते हैं या रिसर्च के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं या फिर ग्रेजुएशन के बाद सीधे बैंकिंग, रिटेल, प्रशासनिक सेवाओं या अन्य सरकारी नौकरियों में जा सकते हैं। आर्ट्स से 12वीं करने के बाद आप लॉ के क्षेत्र में जा सकते हैं। आप तीन साल की बीए एलएलबी या पांच साल का इंटीग्रेड एलएलबी कोर्स कर सकते हैं। इसके बाद आप सरकारी या प्राइवेट वकील बन सकते हैं। कई मल्टीनेशनल कंपनियों में भी अच्छे पैकेज पर लीगल कंसल्टेंट्स हायर किए जाते हैं। आप चाहें तो ज्यूडिशियल सर्विसेस के जरिए डिस्ट्रिक्ट जज, सिविल जज के पदों पर नियुक्ति पा सकते हैं। इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा 11वीं में विशेष रूप से कामर्स और साइंस के अतिरिक्त आर्ट्स विषय में अध्ययन कराया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि हमारे विद्यालय में भावी प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए आर्ट्स स्ट्रीम को विशेष रूप से प्रारंभ किया गया है। आर्ट्स स्ट्रीम एक ऐसे स्ट्रीम है जिसमें स्टुडेंट्स के पास कई विषयों के चयन के साथ अनेक करियर आप्शंस होते हैं। आर्ट्स स्ट्रीम के तहत अनेक महत्वपूर्ण विषय और करियर लाइंस शामिल हैं। आर्ट्स स्टूडेंट्स अपनी प्रतिभा के बूते पर एक कामयाब वकील, नेता, प्रोफेसर, जर्नालिस्ट, सफल कारोबारी या प्रशासनिक अधिकारी बन सकता है।

**खास बात**

- आर्ट्स स्ट्रीम में साहित्य, इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, भाषा और अन्य कई विषयों में मिलती है समझ



संजय गुप्ता।

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलदार सिंह पिता रघुवीर सिंह जाति कंवर निवासी ग्राम बतारी तहसील दीपका द्वारा ग्राम दीपका तहसील दीपका में स्थित आवेदक एवं अनावेदकगण फूलसिंह, आधार सिंह पिता बलराम सिंह के नाम पर दर्ज भूमि ख.न. 15, 16/1, 198/1, 199, 362/3, 497, 498, 499/3, 499/4, 536/1, 609/3, 636, 651, 647 कुल रकबा 7.37 ए. भूमि को बराबर-बराबर भाग में खाता विभाजन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 24/05/2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 09/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट**

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

**जीवन ज्योति क्लीनिक** डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

## खबर संक्षेप



### बारिश से पहले नहीं बनी कोयलांचल की सडक़ तो होगी परेशानी

**कोरबा।** एसईसीएल के सहयोग से पीडब्ल्यूडी द्वारा कुसमुंडा के इमलीछापर चौक से सर्वमंगला चौक तक फोरलेन सडक़ और सर्वमंगला चौक से तरदा की ओर नहर किनारे टू-लेन बायपास सडक़ निर्माण कार्य चल रहा है।देखते-देखते मानसून करीब आता जा रहा है। अब गर्मी के डेढ़ माह बच गए हैं, 15 जून के बाद मानसून के दस्तक के साथ ही बारिश के सीजन में निर्माण कार्य रुक जाएगा। ऐसे में वर्तमान में निर्माण कार्य की गति ऐसी ही रही तो बारिश में फिर से बारिश के दौरान राहगीरों के लिए सर्वमंगला चौक से कुसमुंडा व तरदा-कनकी की ओर आवाजाही मुश्किल हो जाएगी। निर्माण कार्य को 6 साल पहले जब मंजूरी मिली, तब शहर से कुसमुंडा के बीच सडक़ टू-लेन और भारी वाहनों का दबाव ज्यादा होने से आवाजाही परेशानी भरी थी। ऐसी ही स्थिति सर्वमंगला चौक से तरदा-कनकी की ओर जाने वाले नहर मार्ग की थी, जो सिंगल सडक़ थी। निर्माण कार्य शुरू होने पर उम्मीद थी कि सडक़ों का निर्माण तेज गति से होगा और राहगीरों को परेशानी से जल्द राहत मिल जाएगी।

### कल्चुरी पब्लिक इंग्लिश स्कूल का परीक्षा परिणमा रहा शत प्रतिशत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ मध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा में 10वीं बोर्ड परीक्षा में कल्चुरी पब्लिक इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्रों का परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जिसमे प्रथम स्थान फाल्गुनी श्रीवास 84.66 प्रतिशत और पायल श्रीवास्तव 84.66 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सुमन कुमारी 83.16 प्रतिशत, तृतीय निधि महतो 75.5 प्रतिशत, चतुर्थ आरती कुमारी 71 प्रतिशत, पंचम प्रिया राज 69.33 प्रतिशत और अन्य छात्रों के द्वारा अपनी प्रतिभा का परचम लहराकर जिले में विद्यालय को गौरवविंत किया। छात्रों को विद्यालय परिवार के संचालक भौनेन्द्र डहरवाल, प्राचार्या प्रतिभा यादव, रीता डहरवाल, चिरंजीव कुमार, प्रकाश राठौर, सोनल यादव, माया, रमिन यादव, कविता डहरवाल, शीतल कौर, वीना बारेठ, मालती कौशिक, स्मिता पटेल, प्रीति राठौर, राधिका साहू, रश्मि इक्का, कविता महंत, दीप्ति महंत, सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने छात्रों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ग्राम नोनबिर्रा में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ हो रहा अनुष्ठान

# शास्त्र मंत्रों के ज्ञाता हैं, जो ईश्वर से हमें जोड़ते हैंः रामनारायण पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम नोनबिर्रा में अनवरत चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ अनुष्ठान के 6वें दिवस पर व्यास पीठ से भागवताचार्य पं.श्री रामनारायण पाठक ने कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन लीला एवं रुक्मणी विवाह प्रसंग को उपस्थित श्रोताओं को विस्तार पूर्वक कथा श्रवण कराया। उन्होंने कथा में बताया कि जब सागर मंथन करना था, जिसमें देव और राक्षस दोनों को करना था, लेकिन दोनों को कैसे मनाएं यह समस्या प्रभू श्रीहरि और बाह्य जी के समक्ष थी, लेकिन कोई कोई बड़ी समस्या है और उसका समाधान करना है तो आपस में प्रेम पूर्वक बैठकर ही समाधान निकाला जा सकता है। देव और राक्षस में संधि हुई और सागर मंथन प्रारंभ श्री गणेश के पूजन कर किया गया। सभी शुभ कार्य करने से पूर्व गणेश जी का स्मरण ज़रुर करें। सागर मंथन से निकले विष को फिक्र निलकंठ कहलाए, वहीं भागवान श्रीकृष्ण ने बाल्यावस्था में जितनी लीला किए और दुष्ठो, राक्षसों का उद्घार किया वे सदा ही अपने भक्तों समस्त जीवों के रक्षक है गोवर्धन पर्वत की कथा इसका उदाहरण है हम सभी मानवओं को भी कभी भी किसी का बूरा नहीं करना चाहिए, सोचना तक नहीं चाहिए। धरती पे ब्राह्मण को ही देव तुल्य माना गया है क्योंकि वे वेद, शास्त्र मंत्रों के ज्ञाता हैं जो ईश्वर से हमें जोड़ते हैं। श्रीमद्भागवत कथा सूनने मात्र से ही समस्त जीवों का उद्धार हो जाते हैं इसलिए जहां भी भागवत कथा चल रही हो चाहे निमंत्रण भी न मिला हो तो भी आप भागवत कथा श्रवण करने पहुंचे। कथा श्रवण यजमान भैयाराम यादव, हरनारायण, कन्हैयालाल यादव,पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, प्रमीला कंवर, मीरा कंवर, जगदीश अग्रवाल, राजाराम राठौर, महाजन यादव, शिव कुमार यादव, एसएस शुक्ला, डीएस मिश्रा, बीएल चंद्रा, रमेश गुरुद्वान, कुंज राम यादव, आदित्य जायसवाल, सत्यवान श्रीवास, शिवनारायण यादव, संतोष यादव, ओमनारायण यादव, दुर्गेश यादव सहित बड़ी संख्या में भागवत प्रेमी उपस्थित रहे।



भागवत कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

# बाइक सवार की मौत फरार ट्रक किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में हुई घटना में एक एसईसीएल कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद दुर्घटनाकारित चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया था। जिसे बांगो पुलिस ने घटना स्थल से दो किलोमीटर दूर पकड़ लिया। बीते शुक्रवार को एसईसीएल कुसमुंडा में कार्यरत कर्मी शिव नारायण गुप्ता पिता हरिलाल 40 वर्ष ड्यूटी समाप्त कर कुसमुंडा से अपने गृहग्राम भटगांव दुपहिया वाहन से जा रहा था। इसी दौरान कटघोरा अंबिकापुर मुख्य मार्ग अंतर्गत ग्राम लमना के पास मोड पर सामने से आ रहे तेज़ रफ्तार रसोई गैस लोड ट्रक वाहन ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, इस हादसे में मृतक का सिर का हिस्सा बुरी तरह से चपेट में आ गया था, जिस वजह से कर्मी की मौके पर मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया, इधर घटना की सूचना पर बांगो पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, घटनास्थल से शव को उठाकर नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। वहीं पुलिस की एक टीम दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन को ढूंढने में लग गई, इस दौरान घटनास्थल से दो किलोमीटर दूर यह वाहन सडक़ किनारे एक ढाबे के पास खड़ी मिली, शव के सिर का हिस्से के कुछ अवशेष ट्रक के सामने के हिस्से में चिपके हुए थे।



जब्त दुर्घटनाकारित ट्रेलर।

# क्रेडिट कार्ड खाता हैक कर उड़ाए लाखों, बैंक ने रखा धोखे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बैंक उपभोक्ता से चाढ़े चार लाख से अधिक की ठगी और पेनाल्टी रकम के विरूद्ध जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में परिवाद दायर किया गया था, जिस पर आयोग ने राशि का देनदार परिवादी को नहीं होना पाते हुए उसे देनदारी से मुक्त किया है। साथ ही आर्थिक व मानसिक प्रतिपूर्ति के एवज में बैंक को राशि देनी होगी।

**खास बात**

- उपभोक्ता आयोग ने पीड़ित के पक्ष में सुनाया फैसला

बालको निवासी विजय कुमार साहू का निजी खाता वर्ष 2012 से एक्सिस बैंक कोरबा में है। 2019 से उसका क्रेडिट कार्ड खाता संचालित है। 19 नवंबर 2023 की दोपहर उसके क्रेडिट कार्ड खाता को हैक कर 4 लाख 14 हजार 831 व 36 हजार 424 कुल 4 लाख 51 हजार 255 रुपए काटकर गैर व्यक्ति रिलायंस बीपी मोबाइल एसबीआई में ट्रांसफर कर दिया गया। जिसकी जानकारी होने पर तत्काल क्रेडिट कार्ड के पीछे अंकित कॉल सेंटर में शिकायत दर्ज कराई गई। महिला कर्मचारी द्वारा शिकायत दर्ज करने की जानकारी दी गई। साथ ही शिकायत नंबर भी प्रदान किया गया। काल सेंटर के द्वारा 19 नवंबर को 1.40 बजे क्रेडिट कार्ड और बचत खाता को ब्लाक किया गया। उपभोक्ता को किया गया कि उनकी रकम सुरक्षित है। अभी राशि ट्रांसफर नहीं हुई है। 24 घंटे में राशि वापसी की बात कही गई।

19 नवंबर को 2.10 बजे रिफंड का मैसेज भी आया तो परिवादी आश्वस्त हो गया कि रकम सुरक्षित है। दूसरे दिन अचानक परिवादी के मोबाइल पर मैसेज आया कि उनके खाते का ओटीपी पास होने की वजह से राशि का आहरण हो गया है। कोरबा के मैनेजर द्वारा परिवादी को जानकारी दी गई कि क्रेडिट कार्ड के साथ दो कार्ड जारी होता है एक कार्ड नामिनी के नाम पर होता है। परिवादी के द्वारा बताया गया कि उसे एक ही कार्ड जारी हुआ है। साथ ही उसने किसी तरह का ओटीपी शेयर नहीं किया है। बिना ओटीपी शेयर किए ही राशि की ठगी हुई है।

जिस पर पीड़ित ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में परिवाद दायर किया जिस पर आयोग ने देनदार परिवादी को नहीं होना पाते हुए उसे देनदारी से मुक्त किया है। विरोधी पक्षकारगण को आर्थिक व मानसिक क्षतिपूर्ति के एवज में परिवादी को 15 हजार रुपए प्रदान करना होगा। वाद व्यय के रूप में पांच हजार, व्यवसायिक कदाचरण के लिए 10 हजार का प्रतिकर अधिरोपित किया गया है। आयोग की तरफ से फैसला अध्यक्ष रंजना दत्ता, सदस्य ममता दास व पंकज कुमार देवड़ा ने दिया है।






## क्राइम फाइल

### हज पर जाने वाले जायरीनों का किया जाएगा सम्मानः हाजी अखलाक

**कोरबा।** हज यात्रा में जाने वाले जायरीनों का सुन्नी मुस्लिम जमात के तरफ से इस्तेकबालिया सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। सम्मान समारोह 21 मई की दोपहर 12 बजे से जामा मस्जिद कोरबा में किया जाएगा।



सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर हाजी अखलाक की ओर से हर साल की तरह इस साल भी हज पर जाने वाले यात्रियों को एहराम, तस्बीह व किताब दिया जाएगा व लोगों हज की जानकारी दी जाएगी। सुन्नी मुस्लिम जमात सरपरस्त कारी सैय्यद शब्बीर अहमद असरफी ने बताया कि साल 628 में पैगंबर मोहम्मद साहब ने अपने 1400 अनुयायियों के साथ एक यात्रा शुरू की थी। ये यात्रा ही इस्लाम की पहली तीर्थयात्रा बनी जिसे बाद में हज कहा गया। हर साल दुनियाभर से सभी मुस्लिम सऊदी अरब हज के लिए पहुंचते हैं। हज में पांच दिन लगते हैं और ये बकरीद यानी ईद उल अज़्हा के नमाज़ और कुर्बानी के बाद पूरी होती है।

### लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहा छात्र स्वास्थ्य मंत्री से लगाई मदद की गुहार



**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल पाली के कक्षा 5वीं के छात्र प्रियांशु 10 वर्ष लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। उनका इलाज पहले एम्स रायपुर में चल रहा था, लेकिन अब उन्हें गहन चिकित्सा के लिए एम्स दिल्ली रेफर किया गया है। परिवार की मुश्किलें-प्रियांशु के पिता का निधन हो चुका है और उनकी माँ रोज़ी-मज़दूरी करके परिवार का पालन-पोषण करती हैं। इलाज के लिए अब तक कर्ज और जमापूंजी खर्च कर चुके हैं। आगे के इलाज के लिए धन की भारी आवश्यकता है। मदद की अपील-प्रियांशु के जीवन बचाने के लिए क्षेत्रवासियों से आर्थिक सहयोग की अपील की है।

### तालाब में तैरती मिली युवक की मिली लाश

**कोरबा।** बालको थाना अंतर्गत के रिसदा भदरापारा तालाब में एक युवक लाश मिली हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। युवक के शव को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने मर्ग पंचनामा की कार्रवाई कर लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक का नाम महेंद्र पाल सिंह बताया जा रहा हैं। जो नहाने के लिए तालाब की तरफ गया था। आशंका जताई जा रही हैं की वह नहाने के दौरान पानी में अधिक गहराई मे चला गया होगा,जिससे उसकी मृत्यु हो गई होंगी। वही मृतक की मां ने बताया कि वह सुबह उठकर नहाने जाने की तैयारी में जुट गया। कपड़े धोने की बात कहते हुए पहले वह पास स्थित दुकान में गया। उसके बाद उसे उसके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं मिली। पड़ोसियों ने आकर बताया कि वह तालाब में डूब गया है।पुलिस घटनाक्रम की जानकारी ले परिजनों का बयान दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही हैं।

### प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश के लिए लॉटरी और आबंटन कल से

**कोरबा।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्राइवेट स्कूलों में आर.टी.ई. पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन और भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में लॉटरी एवं आबंटन की कार्यवाही 20 मई से 30 मई तक की जाएगी। इसके बाद स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से 30 जून तक चलेगी। आरटीई के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही के लिए निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार द्वितीय चरण के लिए नये स्कूल पंजीयन आवेदन और जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन कार्य 15 जून से 30 जून तक किया जाएगा। वहीं छात्र पंजीयन आवेदन 1 जुलाई से 8 जुलाई तक होगा। इसके बाद नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 9 जुलाई से 15 जुलाई तक की जाएगी। लॉटरी एवं आबंटन का कार्य 17 जुलाई से 20 जुलाई तक किया जाएगा। इसके बाद स्कूल में दाखिला की प्रक्रिया 22 जुलाई से 31 जुलाई तक की जाएगी। वर्ष 2023-24 के लिए ऑनलाईन दावा प्रक्रिया 1 अगस्त से 30 अगस्त तक किया जा सकेगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टरों, संभागीय शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है, कि आरटीई अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने संबंध में अधिनियम के प्रावधान के अंतर्गत नोडल अधिकारी की जानकारी, क्षेत्र का निर्धारण और मान्यता संबंधी कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए।

## रूंगटा कंपनी के वाहन चालकों ने किया गेवरा जीएम दफ्तर का घेराव

# प्रतिमाह 25 हजार का वादा और अब काम कराने के बाद बदला इरादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी रूंगटा के कर्मियों ने काम बंद कर जीएम कार्यालय का घेराव कर दिया। ठेका श्रमिकों का आरोप है कि रूंगटा कंपनी अपने वर्करों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दर पर वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। कंपनी द्वारा आधा वेतन खाते में और शेष राशि नगद दी जा रही है। 25 हजार प्रतिमाह के वादे के विपरीत वेतन भी कम दिया जा रहा है।

एसईसीएल गेवरा प्रबंधन से वेतन विसंगति को लेकर शिकायत भी की गई है। बावजूद इसके प्रबंधन चुप्पी साध रखी है। यही वजह है कि आक्रोशित ठेका श्रमिकों ने मोर्चा खोल दिया और शनिवार को वाहन चालकों ने अपनी मांगों को लेकर एसईसीएल गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर दिया। चालकों ने बताया कि काफी लंबे समय से रूंगटा कंपनी में काम कर रहे हैं। इसकी चार और कंपनियां हैं, जो कोयला उत्खनन का काम करती है। सभी कंपनी में अलग-अलग कर्मचारी हैं, जिनका वेतन अलग-अलग है। ऐसे में समान वेतन सबको नहीं मिल पा रहा है और न हीं उनको ईएसआईसी जैसी कोई मेडिकल सुविधा मिल पा रही है। उन्होंने एसईसीएल प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि रूंगटा कंपनी खदान के भीतर कोयले का खनन काम करती है। ठेका कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से खदान के भीतर उत्खनन का काम पूरी तरह से ठप हो गया है। खदान के भीतर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। उनका यह भी आरोप है कि उनका जो पीएफ काटा जा रहा है, वह भी अधिक है।



जीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करते रूंगटा कंपनी के ठेका श्रमिक।

### 18 सौ की बजाय पीएफ में 36 सौ कटौती

ठेका श्रमिकों ने आरोप लगाया है कि उनका जो पीएफ काटा जा रहा है, वह भी अधिक है। कायदे से 18 सौ रूपए प्रतिमाह कटना चाहिए पर 36 सौ रूपए की दोगुनी राशि काट ली जाती है। पूछने पर कहते हैं कि सरकार के नियम के अनुसार ही कटौती की जा रही है। किसी को 15 हजार तो किसी को 18 हजार वेतन दिया जाता है। इसके पहले भी कंपनी के ठेका श्रमिकों ने मार्च 2024 में कोल माइंस अधिनियम, समान वेतन और मेडिकल की सुविधा दिए जाने की मांग को लेकर पहले दो खदान में काम बंद कर दिया, फिर गेवरा सीजीएम कार्यालय के सामने धरना दिया था अब चालकों ने मोर्चा खोल दिया है

# भालू के हमले से दो महिला गंभीर रूप से घायल



घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टापरा के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिलाओं पर भालू ने हमला कर दिया। जंगल में दो भालू के हमले में महिलाए गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीण महिलाएं तेंदुपत्ता तोड़ने के लिए जंगल की ओर गयी थी। इसी बीच एकाएक भालुओं ने उन पर हमला कर दिया, उक्त भिडंत में महिलाएं गंभीर रुप से घायल हो गई है। बताया जा रहा हैं की हमले में चंद्रमति कंवर नामक महिला निवासी ग्राम टापरा के दोनों पैर में भालुओं ने गहरे घाव कर दिए है। वहीं अन्य महिला फूल कुंवर नामक महिला के बाएं जांघ में हमला किया है। पूरे घटना की सुचना ग्रामीणों द्वारा डायल 112 को दी गई, जिसके बाद मौके पर त्वरित रूप से आरक्षक रोहित पाटले 262 एवं चालक पुर्णेश गवेल ने पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल के लिए रवाना किया जहां घायलों का उपचार जारी है।

# एसईसीएल कर्मी के मकान में चोरी



चोरी के बाद घर में बिखरा सामान।



खोजी डाग की मदद लेते पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में सतनाम चौराहा के पास एक मकान का ताला तोड़कर चोरों ने आभूषण और नगदी रकम पार कर दी। वैवाहिक समारोह से लौटने पर एसईसीएल कर्मी को इसकी जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मौके का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक एसईसीएल में राममिलन यादव कार्यरत हैं जो अपने परिवार के साथ मानिकपुर क्षेत्र के सतनाम चौराहा के पास निवास करते हैं। उसके रिश्तेदार के यहां वैवाहिक कार्यक्रम था। राममिलन यादव ने बताया कि शुक्रवार की रात अपने परिवार के साथ शादी कार्यक्रम में ग्राम कनकी भादा गए हुए थे। शनिवार की सुबह पड़ोसियों ने फोन कर जानकारी दी कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। जब घर जाकर देखा तो अंदर के चारों कमरे का ताला टूटा हुआ था। किचन भी खुला हुआ मिला। लगभग ढाई लाख का सोना-चांदी समेत नगदी की चोरी हुई है। एसईसीएल कर्मी राममिलन ने बताया कि दो अलमारी से लगभग ढाई लाख का सोना-चांदी समेत नगदी रकम लेकर गए हैं। चोरों ने तीन लाख का माल पार कर दिया है। मौके से 370 ग्राम चांदी के आभूषण और लगभग 10 ग्राम सोने के आभूषण के अलावा 10 हजार नगद भी चोरों के द्वारा चोरी किए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस प्रभारी अमर जायसवाल अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और जांच कार्रवाई शुरू की। परिजनों से पूछताछ करने के बाद चोरों को पकड़ने डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया। मानिकपुर चौकी पुलिस इस मामले में जल्द ही आरोपियों तक पहुंचाने की बात कह रही है।संदेह के आधार पर कुछ युवकों को हिरासत में लिया। मानिकपुर चौकी पुलिस प्रभारी अमर जायसवाल ने बताया कि डॉग बाघा ने पड़ोसी के घर से होते हुए आसपास मोहल्ले में गया, जिससे आसपास और बस्ती में रहने वाले कुछ युवकों पर संदेह है। संदेह के आधार परकुछ युवकों को पकड़ा गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

**खास बात**

- शादी में शामिल होने कनकी गया था परिवार, मानिकपुर चौकी क्षेत्र क मामला

# हाइवा ने बाइक को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छुरी कटघोरा मार्ग पर एक वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर दुर्घटाकारित वाहन चालक की पतासाजी शुरु कर दी है।

छुरी निवासी केशव चौहान अपनी बाइक में सवार होकर कटघोरा की तरफ जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात हाइवा चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल होने के बाद केशव चौहान को उपचार के लिए कटघोरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया, बावजूद इसके उसकी जान नहीं बच सकी। मर्ग पंचनामा की कार्रवाई कर पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध कायम कर उसकी तलाश की जा रही है।

**खास बात**

- कटघोरा छुरी मार्ग पर हुआ हादसा



मृतक केशव चौहान।

### अनियंत्रित कार शटर तोड़ते हुए घुसी घर में, चालक घायल

**कोरबा।** उरगा थाना अंतर्गत पहंदा गांव में एक तेज रफ्तार कार घर का शटर तोड़ते हुए भीतर जा घुसा। इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिती निर्मित हो गई। घर राजू कुर्रे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है,कि कार को एक विकलांग चला रहा था, जिसने कार से अपना नियंत्रण खो दिया और हादसा हो गया। हादसे में विकलांक चालक को चोट लगी है, जिसे स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती करवाया है। वहीं हादसे के दौरान घर पर मौजूद बाइक को नुकसान पहुंचा है।

### नाले में गिरा ट्रक, बाल बाल बचा चालक

**कोरबा।** कुसमुंडा के लक्ष्मण नाले के पास एक सड़क हादसा हुआ है, जहां एक खाली ट्रक सड़क से उतरकर नाले में जा गिरा। हादसे का सुखद पहलु यह रहा, कि ट्रक सड़क के दांयी और नहीं पलटा नहीं तो कई कच्चे और पक्के मकान उसकी चपेट में आ सकते थे। बताया जा रहा है, कि ट्रक चालक शॉर्टकट के चक्कर में कच्ची सड़क पर आ गया, जहां से दोपहिया वाहन होकर गुजरते है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को कड़ी फटकार लगाई। ऐसे चालकों के खिलाफ पुलिस को सख्ती से पेश आना चाहिए,ताकी गलत रास्ता चुनने से पहले चालक सौ बार सोचे।

# लापता बालक को पुलिस ने मिलाया परिवार से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कटघोरा बस स्टैंड में एक लगभग 7 वर्षीय लक्की नाम का बच्चा मिला जो अपने माता-पिता का नाम-पता नहीं बता पा रहा था। कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी के निर्देश पर थाना कर्मचारियों ने शहर में लगातार उसके परिजनों का पता लगाया, किन्तु कुछ पता नहीं चला। इसके पश्चात बच्चे को चाइल्ड सेंटर सुरक्षित रखने हेतु भेजा गया। इसी बीच बच्चा लक्की की मां मंजू यादव निवासी रतनपुर जिला बिलासपुर थाना बच्चे को पता करते आई। इसी दौरान थाना स्टाफ आरक्षक महेंद्र चंद्रा से मोबाइल पर संपर्क किया गया। वह बच्चा तब तक चाइल्ड सेंटर में भर्ती नहीं हुआ था। उसे तत्काल वापस थाना कटघोरा बुलाकर बच्चे की माता मंजू यादव, मामा सुमित यादव के सुपुर्द किया गया।

# 6 लोगों से 66 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आबकारी विभाग की टीम को मुखबीर से सूचना मिली थी कि धवईंपुर और ग्राम पोड़ी में अवैध महुआ शराब की बिक्री की जा रही है। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम नकली खरीदार बनकर महुआ शराब की खरीदी के बहाने दबिश देकर दोनों जगहों से 66 लीटर महुआ शराब व 6 सौ किलो महुआ लाहान जब्त किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबाकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बक्शी के मार्गदर्शन में शनिवार को वार्ड क्रमांक 10 धवईंपुर थाना कटघोरा में नकली खरीदार बनकर महुआ शराब की खरीदारी कर पुष्टि के बाद चमार राय, फूलसिंह धनुहार, दिलहरण और सीमाबाई इसी तरह नकली खरीदार के माध्यम से महुआ शराब की खरीदारी कर पुष्टि पश्चात ग्राम पोड़ी निवासी रामचरण और नीराबाई से कुल 66 लीटर महुआ शराब एवं 600 किलो महुआ लाहान बरामद की गई। सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क,ख,च) 34 (2) 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर लेकर जेल दाखिल कर दिया गया है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश अग्रवाल, आबकारी उपनिरीक्षक आशीष उप्पल, सुकांत पांडेय, श्रीमती दीपमाला नागदेव, नारायण कंवर, मुख्य आरक्षक अजय तिवारी, राजीव जायसवाल, संजय गुप्ता आबकारी आरक्षक दशराम सिदार, सिमोन मिंज़, सुरेश यादव, शिवकुमार वैष्णव, शरीफ खान, हेमप्रकाश डनसेना, नगर सैनिक प्रजेश सिंह, राजेश दुबे, कुंदन चंद्रा एवं अंबिका, दीपिका का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780














| Korba To | Zest | Crysta | Today Offer |
| --- | --- | --- | --- |
| Raipur Airport | 2999 | 4999 | 1499 |
| Ambikapur / Sambalpur Bargarh / Mangir | 3999 | 5999 | 1999 |
| Jabalpur/ Katni | 4999 | 7999 | 2999 |
| Nagpur / Rewa | 7999 | 11999 | 4999 |
| Ranchi / Bhopal Banaras / Prayagraj | 9999 | 16999 | 5999 |